रेल यात्री निवास, नयी दिल्ली के भवन का गिराया जाना

882. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :

(क) क्या दिल्ली नगर निगम ने रेल यात्री निवास, नई दिल्ली के भवन को गिराने के लिये एक नोटिस जारी किया है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा उस पर रेल विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

रेल मंत्रालय के उप मंत्री (श्री महाबीर प्रसाद) : (क) जी, हां ।

(ख) रेलवे ने अक्तूबर, 1985 में नई दिल्ली के रेल यात्री निवास का निर्माण "परिवालनिक" भवन के रूप में शुरू किया था जिसके लिये तत्कालीन निर्माण और आवास मंत्रालय द्वारा जारी किये गये वर्तमान नियमों के अनुसार स्थानीय प्राधिकरणों का अनुमोदन लेना अपेक्षित नहीं था । पानी तथा बिजली के कनेक्शन प्राप्त करने के लिये स्थानीय प्राधिकरणों को प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये थे । दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा प्रस्ताव को मई, 1987 में स्वीकृति प्रदान की गयी थी । दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति ने जुलाई, 1987 में नक्शा पास किया था । लेकिन, दिल्ली नगर निगम की भवन आयोजना समिति ने सितम्बर, 1987 में प्रस्ताव को कुछ टिप्पणियों के साथ स्वीकृति प्रदान की थी । रेलों ने अधिकांश टिप्पणियों का अनुपालन कर लिया था । रेल प्रशासन द्वारा दिल्ली नगर निगम के प्राधिकारियों के साथ अन्य मामलों पर विचार-विमर्श करके मामले को निपटाने के प्रयास किए जा रहें ।

बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में रिक्त पड़े पद

883. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी में वर्तमान में प्रोफेसरों, रीडरों, लैक्चरारों आदि के वर्ग-वार कितने पद रिक्त हैं ;

(ख) इन रिक्त पदों को भरे न जाने के क्या कारण हैं ; और

(ग) इन रिक्त पदों को भरने के लिये अभी तक क्या कार्यवाही की गई है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्री एल०पी० साही) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

रेलवे स्टेशनों पर अतिरिक्त व्यक्तियों के प्रवेश पर प्रतिबन्ध

884. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार 1 मई, 1989 से रेलवे स्टेशनों पर रेल यात्रियों को विदा करने आने वाले व्यक्तियों और रेलवे स्टेशन पर आने वाले यात्रियों का स्वागत करने के लिये आने वाले व्यक्तियों पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय किया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में पूर्ण ब्यौरा क्या है और इस योजना को किस प्रकार कार्यान्वित किये जाने का विचार है ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री महाबीर प्रसाद) : (क) और (ख) भीड़ भाड़ के समय नयी दिल्ली स्टेशन पर प्लेटफार्म टिकटों का जारी करना सीमित कर दिया गया है ।

अकेली स्त्रियों, बच्चों, अशक्त, बीमार और वृद्ध यात्रियों तथा अन्य जरूरत मन्द व्यक्तियों के साथ आने तथा साथ-लाने के लिये प्लेटफार्म टिकटों के अनुमति पत्र जारी करने के लिये एक विशेष काउंटर खोला गया है । इसके अलावा यात्रियों का मार्ग दर्शन करने के लिये प्लेटफार्मों पर पूछताछ काउंटर और रेल कर्मचारी मौजूद होते हैं ।